भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1083
दिनांक 08.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

पासपोर्ट मेला

1083. श्री राजन बाबूराव विचारे:

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का पासपोर्ट जारी करने के काम में तेजी लाने और पासपोर्ट की अत्यधिक या सामयिक मांग को पूरा करने के लिए ठाणे में पासपोर्ट मेलों और पासपोर्ट सेवा शिविरों का आयोजन करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) ठाणे जिले में पिछले तीन वर्षों के दौरान पासपोर्ट मेलों के आयोजन के लिए आवंटित निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री
(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) से (घ) मंत्रालय सेवा केंद्रों में सप्ताहांत या छुट्टियों पर आयोजित किए जाने वाले विशेष अभियानों (पासपोर्ट मेलों) का आयोजन करने सहित विभिन्न कदम उठाकर अपाइंटमेंट प्राप्त करने की प्रक्रिया में सुधार करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। ऐसे अभियानों (मेलों) के दौरान, पासपोर्ट संबंधी सेवाएं चाहने वाले नागरिकों के लिए ऑनलाइन अपाइंटमेंट अभियान की तिथि से पहले ही जारी की जाती हैं।

वर्ष 2023 में देश में पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीएसके) और डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीओपीएसके) पर 33 विशेष अभियान चलाए गए हैं जहां पासपोर्ट सेवा हेतु अपाइंटमेंट प्राप्त करने की प्रक्रिया में अधिक समय लगता था। परिणामस्वरूप, लगभग 8 लाख अतिरिक्त अपाइंटमेंट और सामान्य रूप से जारी अपाइंटमेंट से अधिक अपाइंटमेंट जारी किए गए हैं।

पहले पीएसके, ठाणे में अपाइंटमेंट प्राप्त करने की प्रक्रिया में सामान्य पासपोर्ट के लिए 6 कार्य दिवस, तत्काल पासपोर्ट के लिए 14 कार्य दिवस और पीसीसी के लिए 1 कार्य दिवस लगते थे, जो अब घटकर सामान्य पासपोर्ट के लिए 5 कार्य दिवस, तत्काल पासपोर्ट के लिए 1 कार्य दिवस और पीसीसी के लिए 1 कार्य दिवस हो गया है।

विशेष अभियान (पासपोर्ट मेले) के आयोजन के लिए कोई अलग से धनराशि आवंटित नहीं की गई है। व्यय, यदि कोई हो, तो केंद्रीय पासपोर्ट संगठन के नियमित बजट से पूरा किया जाता है।

*****